संत धन्ना भगत जयंती

चर्चा में क्यों?

राजस्थान के [मुख्यमंत्री](#) ने **जयपुर ज़िले के फागी क्षेत्र** की **नोखा-नाड़ी** स्थित **संत धन्ना भगत जी की जन्मस्थली** पर आयोजित **जयंती महोत्सव** में भाग लिया।

मुख्य बिंदु:

- **धन्ना भगत के बारे में:**
  - वह एक रहस्यवादी कवि थे, जिनका जन्म 20 अप्रैल 1415 को हुआ था, तथा जिनके भजन *??? ?????* में संकलित हैं।
  - उनकी स्मृति में स्थापित गुरुद्वारे आज भी आस्था के केंद्र बने हुए हैं, जो सिख समुदाय के श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं।
- **जयंती महोत्सव के बारे में:**
  - इस अवसर पर उन्होंने संत की शिक्षाओं को आज के समय में भी प्रासंगिक बताते हुए राज्य सरकार की **धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योजनाओं** की घोषणा की।
  - संत धन्ना भगत जी ने **[भक्ति मार्ग](#)** को अपनाकर **मानव सेवा** और **कर्म की प्रधानता** का संदेश दिया।
  - उन्होंने **जात-पात का विरोध** कर समाज में व्याप्त **कुरीतियों** को समाप्त करने हेतु **साहित्य और उपदेशों** के माध्यम से योगदान दिया।
  - धन्ना भगत जी को **हिंदू और सिख समुदायों** में समान श्रद्धा और सम्मान प्राप्त है।
  - मुख्यमंत्री ने संत को **सामाजिक समानता, आध्यात्मिक जागरूकता और सरल जीवन** का प्रतीक बताया।
- **राज्य सरकार की घोषणाएँ और पहल:**
  - **पुजारियों के मानदेय में वृद्धि** करते हुए उसे **₹7500 प्रतिमाह** किया गया।
  - मंदिरों में **भोग की राशि ₹3000 प्रतिमाह** तक बढ़ाई गई है।
  - धार्मिक स्थलों के उन्नयन हेतु **₹101 करोड़** तथा **देवस्थान विभाग के अधीन राज्य के बाहर स्थित मंदिरों** के लिये **₹60 करोड़** के कार्य स्वीकृत किये गए हैं।
  - **वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा योजना** के तहत:
    - **6000 वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग** से यात्रा करवाई जाएगी।
    - **50,000 वरिष्ठजनों को AC ट्रेन से तीर्थ यात्रा** कराई जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/saint-dhanna-bhagat-jayanti